तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025

वार्ड के प्रभारी मोहर्रिर ही काट पाएंगे रसीद... 14

दाबपाली स्कूल परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम 14




## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** महुआ शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक आरोपी के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 8 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद छोटा पुलिया के पास ग्राम बिरसिंगपाली में हेमलाल सिदार पिता जलसाय सिदार (45 साल) के कब्जे से करीबन 04 लीटर महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### पिथौरा पुलिस ने जब्त किया गांजा

**महासमुंद।** ग्राम गोपालपुर के पारा नंबर 4 से एक व्यक्ति के कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। पिथौरा पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के आरोपी पितरू यादव पिता सुंदर सिंह यादव (69 वर्ष) निवासी गोपालपुर के कब्जे से 192 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1900 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा धारा 20 (ख)(ए) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई

### किराना दुकान संचालक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम कौड़िया में एक किराना दुकान संचालक से पांच लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को कार्तिक राम ठाकुर पिता विश्राम सिंह ठाकुर (60 वर्ष) ग्राम कौडिया ने बताया कि 8 जुलाई को वह अपने किराना दुकान में बैठा था। रात लगभग 09 बजे अचानक मोटर सायकल में चार व्यक्ति विजय निषाद पिता जलसाय, विसंभर निषाद पिता जलसाय, धनवंत ठाकुर पिता अक्तीराम ठाकुर निवासी कौडिया व मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीपी 4810 का चालक व राधे बरिहा पिता साहेबो बरिहा ग्राम कौड़िया किराना दुकान में घुसे। इस पर उसने उन्हें मना किया। तब दुकान से बाहर खींचकर उक्त आरोपियों ने प्रार्थी के साथ मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 191(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### समिति प्रबंधक से मारपीट दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** समिति प्रबंधक के साथ मारपीट के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। बसना पुलिस को सीतापुर निवासी व कृषि साख सहकारी समिति जगदीशपुर के समिति प्रबंधक कुशाग्र प्रधान ने बताया कि 30 जून की सुबह वह अपने बच्चे को संत स्टीफन स्कूल जीराडबरी से छोड़कर वापस अपने घर जा रहा था। करीब 9.30 बजे ग्राम चनौरडीह में राधेश्याम प्रधान के घर के सामने पहुंचा था तभी कुष्टो प्रधान एवं राधेश्याम प्रधान ने उसे देखकर रूकवाया और कहा कि मेरा जो एक्सीडेंट हुआ था, तेरे कहने से ही थाना में एफआईआर किया गया है। ऐसा कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं अपने हाथ में रखे डंडे से मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# जर्जर भवन में हो रही पढ़ाई, तालाबंदी की चेतावनी के बाद पहुंचे जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिथौरा विकासखंड के शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय ग्राम गड़बेड़ा के सरकारी स्कूल जहां कक्षा नवमी से 12वीं तक अध्यनरत भवन में मरम्मत के अभाव में विद्यालय के लगभग सभी कमरे खस्ताहाल में हैं।

हालत यह है कि स्कूल के लगभग सभी कमरों पर छत से पानी टपक रहा है तो किसी की दीवार और छत से प्लास्टर टूटकर नीचे गिर रहा है। दीवारों पर करंट भी आ रहा है। पिछले दिनों तेज बारिश में पानी कमरों में आ जाने से बच्चों का वहां पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। ऐसे भवनों में बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इस विद्यालय के जर्जर भवनों में स्कूल संचालित करना वहां के स्टाफ के लिए अब मुश्किल भरा हो गया है। पिछले कई वर्षों से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी देने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पूर्व में घटना पानी टपकने के कारण स्कूल के पंखा एक शिक्षक के ऊपर गिरने से शिक्षक और छात्र बाल-बाल बचे थे। पानी सीपेज के कारण स्कूल की दीवारों में करंट प्रवाहित हो गई थी। जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। प्राचार्य के सूझबूझ से सभी स्कूल के कमरे को बंद कराया गया था।

## मामला पिथौरा ब्लॉक के ग्राम गड़बेड़ा हायर सेकंडरी स्कूल का

### निरीक्षण में आते रहे अफसर पर नही हुआ सुधार कार्य

ग्रामीणों व स्कूल प्रबंध समिति का कहना है कि जर्जर भवन की शिकायत पिछले कई वर्षों से बरसात आते ही लगातार संबंधित अधिकारी को दी जाती थी। अधिकारीगण जांच में तो आते थे लेकिन, किसी प्रकार की मरम्मत नहीं की गई। इस वर्ष भी जल्द ही स्कूल की जर्जर मरम्मत ठीक नहीं किया गया तो पूरे स्कूल भवन में 14 जुलाई सोमवार से तालाबंदी करने की चेतावनी दी है।



### मौके का आंकलन करने पहुंचे जिलाधिकारी



मामले के तूल पकड़ते ही और आंदोलन की चेतावनी के चलते जिला दौरा में निकले जिला शिक्षा अधिकारी दल बल सहित उक्त शाला में पहुंचे और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## समस्या : सड़क में फैला मटेरियल, गड्ढों में जलभराव होने से गिर रहे लोग

# भारी वाहनों से खराब हो रही शहर की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर का मुख्य मार्ग हो या भीतरी सड़कें। भारी

■ शहर के भीतरी रास्तों में भारी वाहनों का दबाव क्षतिग्रस्त सड़कों की मुख्य वजह


वाहनों के दबाव के चलते शहर भर में दर्जनों ऐसे उदाहरण है जहां सड़कें खराब हो गई है। बारिश और जल भराव के कारण गड्ढों में पानी की गहराई का अंदाजा नही हो पा रहा और लगातार हादसे हो रहे हैं। बता दें कि शहर के भीतरी रास्तों में भी भारी वाहनों का दबाव इन क्षतिग्रस्त सड़कों की मुख्य वजह है।

आज से 4 दशक पहले एफसीआई गोदाम शहर के बाहर हुआ करता था। एफसीआई गोदाम के लिए शहर के यातायात से भरे रास्ते से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों से सड़क का बुरा हाल है। एफसीआई मार्ग की हालत बद से बदतर हो गई है। शहर के कुछ रास्तों में सुधार कार्य तो हुआ लेकिन, घटिया निर्माण और काम चलाउ सुधार कार्य केवल इंजीनियरों के मूल्यांकन तक की अवधि तक अच्छा नजर आता है। जिसके कारण डामर गायब होकर गिट्टी दिखने लगी है। नेहरू चौक, बरोंडा चौक से लेकर खैरा चौक तक गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं।

हाल ही में मुख्यमंत्री के आगमन के पहले जिला अस्पताल से लेकर अंबेडकर चौक एवं अन्य मार्गों का सुधार कार्य हुए। लेकिन, भारी वाहनों के आवागमन के कारण इन मार्गों के सुधार कार्यों की कलई खुल चुकी है और डामर, गिट्टी और बजरी से अलग होकर सड़क पर फैली नजर आने लगी है। दूसरी ओर बागबाहरा रोड की भी स्थिति तकरीबन ऐसी ही है। पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं मेडिकल कॉलेज रोड के पास भी यही हाल देखने को मिलेगा। कुल मिलाकर देखा जाए तो भारी वाहन जिन मार्गों से होकर गुजर रही है उन सड़कों को काफी नुकसान हो रहा है।







### जलभराव के कारण भी नुकसान की आशंका

शहर के अंदर कई मार्गों पर पिछले दिनों हुई तेज बारिश के कारण जलभराव की स्थिति देखने को मिली। हालांकि, नगर पालिका नाली व नाले की लगातार सफाई कर पानी निकासी की व्यवस्था में लगी रही। इन मार्गों पर बारिश के दिनों में जलभराव इसी तरह हुआ तो सड़कों को नुकसान पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### अभी भी पूरी तरह से बंद नहीं हुआ आवागमन

शहर में भारी वाहनों का प्रवेश निश्चित समयों पर प्रतिबंधित है। शहर में यातायात के दबाव को कम करने के लिए, सुबह और शाम को नो एंट्री का समय निर्धारित किया गया है लेकिन, रात होते ही भारी वाहनों का आना-जाना शुरू हो जाता है जिसके कारण सड़क खराब होता जा रहा है।

## विभाग मौन, दुर्घटना को दे रहे हैं दावत



**झलप।** पचरी से बागबाहरा तक सड़क से डामर और गिट्टी उखड़ने से स्कूली बच्चों, राहगीर, वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। जबकि, पीडब्लूडी विभाग द्वारा अभी तक इस मार्ग पर मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। ये सड़क विगत दो वर्ष से इसी हालत में है, कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें एक की मौत भी हुई है। टुकड़ों-टुकड़ों में बाकी जगह से तो सड़क से गिट्टी और डामर भी निकलने लग गई हैं। मोटरसाइकल, राहगीर, वाहन चालकों को गड्ढे से झटकों से हिचकोले खाते हुए चलना पड़ रहा हैं बाइक सवारों को गिट्टी से गिरने का डर बना हुआ हैं।

### बाइक सवारों की बढ़ी परेशानी

इस मार्ग पर सड़क पर डामर उखड़ने से अंदर से गिट्टी बाहर निकल गई हैं। अभी बारिश से मिट्टी ओर बह कर चली गई हैं बाइक सवार जब गुजरते हैं तो कांक्रीट से बाइक फिसल जाती हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# गुरु पूर्णिमा आज, कल से हो रही सावन माह की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कल से शुरू होने जा रहे सावन माह की शुरुआत के लेकर शिवालयों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। सावन शुरु होने के साथ ही शिव भक्त भगवान शिव की आराधना में डूब जायेंगें। जिले के प्रसिद्ध शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक की तैयारियां की जा रही हैं। सावन के महीने में हर सोमवार को भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा।

जिले में सावन के महीने में कांवड़ यात्रा भी निकाली जाएगी इसके अलावा, सिरपुर के गंधेश्वर नाथ महादेव मंदिर और बम्हनी के शिवालय में भी विशेष पूजा-अर्चना की जायेगी। सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है इस महीने में भक्त शिवलिंग का अभिषेक करते हैं, बेलपत्र, भांग, धतूरा, और अन्य पूजन सामग्री चढ़ाते हैं। माना जाता है कि सावन में भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। सावन को लेकर शिव भक्तों में उत्साह दिखेगा। नगर के बाजार एवं शिवालयों त्रिशूल, झोला, साफी, कांवड़, मूर्तियों, टी-शर्ट, साड़ी व अन्य वस्त्रों से सज रहे हैं। श्रद्धालु जलाभिषेक व कांवड़ यात्रा से जुड़े सामानों की खरीददारी करने बाजारो में पहुचेंगे।

### इस सावन महीने में पड़ रहे चार सोमवार

वेदव्यास महर्षि की जयंती को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जा रहा है। कल से सावन का महीना शुरू हो रहा है। इस साल सावन महीने में 4 सोमवार पड़ रहे हैं। पहला सोमवार 14 जुलाई को पड़ रहा है। इस दिन गजकेशरी योग और संकष्टी चतुर्थी है। दूसरे सोमवार 21 जुलाई को सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और बुधादित्य योग, तीसरे सोमवार 28 जुलाई को रवि योग तथा चौथे सोमवार 4 अगस्त को सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है।

### बम्हनेश्वर नाथ मंदिर में होगा गंगा आरती

बम्हनेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पुजारी ने बताया कि श्रवण मास भगवान शिव का माह होता है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्वेतगंगा बम्हनेश्वर नाथ धाम बम्हनी में देवाधिदेव महादेव का श्रावणी पूजन, रुद्राभिषेक मासिक आयोजन दिनांक 11 जुलाई 2025 से 9 अगस्त 2025 तक संपन्न होगा, श्रावणी पूजन प्रतिदिन प्रात 9 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक गंगा आरती प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आज श्वेत गंगा आरती प्रारंभ किया जाएगा, जो पूरे सावन माह चलेगा।


# लगातार बारिश से दिन के अधिकतम तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में विगत तीन दिनों से हो रही रूक-रूक कर बारिश से अधिकतम तापमान में काफी गिरावट आ गई है, जिससे गर्मी व उसम से राहत मिली है। हालांकि, अभी अगले पांच दिनों तक और हल्की से तेज वर्षा होने की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है।

इन दिनों जिले में मानसून मेहरबान है, जिसके चलते विगत तीन दिनों से लगातार बादल व कभी तेज तो कभी धीमी गति से बारिश हो रही है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री तक रहा। इससे लोगों को गर्मी से उसम से राहत मिली है। मौसम विभाग द्वारा लगातार भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया जा रहा है।

मौसम विभाग की मानें तो अगले पांच दिनों तक लगातार बारिश के आसार है। हालांकि मानसून की द्रोणिका उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक तक एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। साथ ही पश्चिम बंगाल के मैदानी इलाकों के उत्तरी हिस्सों और आसपास के क्षेत्र में ऊपरी हवा का चक्रवात बना है। इसके साथ ही उत्तर गुजरात से लेकर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड होते हुए पश्चिम बंगाल के कुछ क्षेत्रों में एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, जिसके चलते जिले में अभी अगले पांच दिनों तक अच्छी वर्षा की संभावना बनी हुई है। साथ ही शनिवार को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में भारी वर्षा के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात भी हो होने की संभावना है, जिसके चलते अब अगले पांच दिनों तक अगर भारी वर्षा होती है तो जिले में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती है।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

डाक्टरों की मानें तो बरसात के दिनों में कई तरह की बैक्टिरिया उत्पन्न होती है, जिसके चलते लोगों के सेहत पर असर पड़ता है। मच्छरों की भी संख्या बढ़ने लगी है, इससे अब अपने घरों के आसपास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए पानी जमा न होने दें। वहीं कूलर व फ्रीज के पीछे जमा होने वाली पानी की लगतार सफाई करें, ताकि उसमें डेंगू का लार्वा न पनप सके। इसके साथ ही खान-पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

### सेहत पर असर

जिले में मौसम का मिजाज पिछले सप्ताह भर से बदला हुआ है। सर्द-गर्म होने से लोगों के सेहत पर असर हो रहा है। इन मरीजों में ज्यादातर सर्दी और बुखार से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। वहीं बारिश बंद होने के बाद जब धूप निकलेगा तब डायरिया सहित अन्य बीमारी का खतरा बढ़ जाएगा। विशेषज्ञ लगातार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जगरूक होने की भी सलाह दे रहे हैं।

### जिले में अब तक 3038 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में जारी मानसून के दौरान 01 जून से अब तक 303.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा सरायपाली तहसील में 352.3 मिलीमीटर, पिथौरा में 351.1 मिलीमीटर, महासमुंद में 298.3 मिलीमीटर, बसना में 292.6 मिलीमीटर, बागबाहरा में 279.7 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 248.8 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 09 जुलाई को 294 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में सरायपाली तहसील में 546 मिलीमीटर, बसना में 352 मिलीमीटर, पिथौरा में 245 मिलीमीटर, कोमाखान में 234 मिलीमीटर, बागबाहरा में 225 मिलीमीटर एवं महासमुंद तहसील में 165 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# नगर में सहजानंदी चातुर्मास के लिए जैन संतों का आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चातुर्मास के लिए उपाध्यायद्वय अध्यात्मयोगी महेंद्रसागर मसा एवं युवा मनीषी मनीषसागर मसा के सुशिष्य विवेकसागर मसा आदि ठाना-2 का सोमवार को नगर आगमन हुआ। रायपुर, दुर्ग, राजिम, फिंगेश्वर, धमतरी, नगरी, दल्लीराजहरा सहित महाराष्ट्र के चंद्रपुर एवं हिंगनघाट से श्रावक और श्राविकाएं इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रातः चंपालाल, बस्तीमल, प्रेमचंद चोपड़ा के निवास स्थान से नवकारसी के पश्चात प्रवेश यात्रा जैन मंदिर के लिए बाजे गाजे के साथ प्रस्थान किया। स्कूली छात्रों द्वारा गुरुदेव के आगमन पर विशेष प्रस्तुति दी गई। प्रियंका चोपड़ा ने मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत की। हेमंत झाबक, यतन मगन बहु मंडल ने अपने भाव गीत के माध्यम से व्यक्त किए। श्री संघ के पारस चोपड़ा ने इस कार्यक्रम में पधारे सभी भक्तों का स्वागत व्यक्त किया और सीए रितेश गोलछा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कुशल चोपड़ा ने किया।



सभा को संबोधित करते हुए विवेकसागर मसा ने कहा कि चातुर्मास में हमारा प्रवेश आपके नगर में हुआ है। किंतु, वास्तव में अपने स्वयं के अंदर में चातुर्मास का प्रवेश होना चाहिए। उन्होंने इस चातुर्मास में अधिक से अधिक तप जप से जुड़कर अपनी आत्मा के उत्थान के लिए कार्य करने का उपदेश दिया। बाहरी अतिथियों की भोजन व्यवस्था नेमीचंद कानमल चोपड़ा द्वारा की गई।

### धर्म के लिए मिले चार माह का लाभ उठाएं-विवेकसागर

9 जुलाई से चातुर्मास का प्रारंभ हो चुका है। विवेकसागर मसा ने अपने प्रवचन में फरमाया कि ये चार महीने हमें विशेष रूप से धर्म आराधना के लिए मिले हैं, जिसका हम सबको अधिकाधिक लाभ उठाना है। जिनशासन हमें स्वयं को तराशने का सुअवसर प्रदान करता है। जिनशासन का प्रमुख लक्ष्य दान, शील, तप और भाव है, जिसे अपनाकर हमे आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होना है। दान का अर्थ सिर्फ पैसों का दान ही नहीं है अपितु अभयदान, सेवादान एवं समय का दान भी महत्वपूर्ण होता है। इस चातुर्मास में क्या करने योग्य है और क्या नहीं करने योग्य है इस विषय में विस्तार से समझाकर इस चातुर्मास में अपना जीवन सफल बनाने का मूलमंत्र उन्होंने दिया। जैन श्री संघ के सचिव रितेश गोलछा ने बताया कि जैन मंदिर के वल्लभ भवन व लूनिया भवन में 9 जुलाई से व्याख्यान, स्वाध्याय, आराधना की श्रृंखला प्रारंभ हो चुकी है। प्रतिदिन प्रातः 8.45 से 10 बजे तक व्याख्यान होगा। दोपहर 2.30 से 3.30 बजे तक स्वाध्याय की क्लास होगी। 4 बजे से 5 बजे तक बच्चों की क्लास होगी और रात्रि 8.30 से 9.15 तक पुरुषों का स्वाध्याय होगा। 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा एवं उपाध्यायद्वय के 25वें दीक्षा दिवस में प्रवेश के उपलक्ष्य में वल्लभ भवन में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उक्त जानकारी जैन श्री संघ के ललिता बरडिया ने दी है।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**महासमुंद।** कोटेनदरहा निवासी बिशीकेशन पाइक के विरुद्ध थाना सराईपाली द्वारा 19 जुलाई 2020 को वार्ड नम्बर 02 वीरेंद्र नगर सराईपाली के किराए के मकान में अपनी पत्नी सुरेंद्री पाइक की हत्या गला दबाकर किए जाने को लेकर उसके विरुद्ध हत्या एवं स्वयम को हत्या के दंड से बचने के लिए शव को जमीन में दफनाने, साक्ष्य को छिपाने जैसे अपराध के लिए प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। जहां द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पंकज आलोक तिर्की सराईपाली के न्यायलय द्वारा आरोपी को दोष सिद्ध पाया और आज 9 जुलाई 25 को धारा 302भादस, हत्या के अपराध के लिए आजीवन कारावास और 500 अर्थदंड, धारा201 भादस के अपराध के लिए 2 वर्ष तथा धारा 203 भदस के अपराध के लिए 1 वर्ष के कठिन कारावास से दंडित किया गया। प्रकरण में कार्रवाई प्रार्थी नेहरू चौहान के शिकायत पर हुई थी। अभियोजन का संचालन अतिरिक्त लोक अभियोजक जेके पटेल द्वारा किया गया। प्रकरण की विवेचना थाना प्रभारी वीणा यादव द्वारा की गई थी।

# दो इंक्रीमेट दिलाने वाले डिप्लोमा कोर्स से निकायों के सब इंजीनियर, हेल्थ इंस्पेक्टर हुए बाहर

हरिभूमि न्यूज▯रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में काम करने वाले कर्मियों को दो वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) दिलाने वाले डिप्लोमा कोर्स से अब सब इंजीनियरों और हेल्थ इंस्पेक्टरों को बाहर कर दिया गया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में 33 साल बाद नियमों में बदलाव किया है। खास बात ये है कि इसके लिए यह शर्त अभी भी लागू है कि जिन निकायों का स्थापना व्यय 65 प्रतिशत से कम होगा, उन्हीं निकायों के कर्मियों को इस पाठ्यक्रम की परीक्षा के लिए मंजूरी दी जाएगी।

**ये है मामला:** नगरीय निकायों के कर्मियों को लोकल सेल्फ गर्वमेंट डिप्लोमा (एलएसजीडी) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद दो इंक्रीमेंट दिए जाने का प्रावधान है। यह पाठ्यक्रम पत्राचार के माध्यम से संचालित होता है। इस पाठ्यक्रम के संबध में 1992 में जो नियम बनाए गए थे। उनमें राज्य शासन ने बदलाव किया है।

**अब ये कर्मी ही होंगे पात्र**

नए नियम के हिसाब से अब एलएसजीडी. पत्राचार के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए तृतीय श्रेणी के नियमित कर्मचारी कार्यालय अधीक्षक, मुख्य लिपिक, लेखापाल, सहायक वर्ग-2, सहायक वर्ग-3, कैशियर, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक पात्र होंगे। इससे पहले इस पाठ्यक्रम के लिए निकायों के सब इंजीनियरों, और हेल्थ इंस्पेक्टरों को भी अनुमति दी जाती थी।

## निकाय का स्थापना व्यय 65 प्रतिशत से अधिक न हो

### पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण की ये हैं शर्तें

निकाय द्वारा एलएसजीडी. पत्राचार के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए चयनित कर्मचारी हेतु संबंधित निकाय की एम.आई.सी.पी.आई.सी. का पारित संकल्प आवश्यक होगा। संबंधित कर्मचारी की शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

### निकाय का स्थापना व्यय 65 प्रतिशत से कम हो

यह शर्त भी है स्थानीय नगरीय निकाय का स्थापना व्यय 65 प्रतिशत से कम होने पर ही प्रशिक्षण में भाग लेने की अनुमति दी जा सकेगी। लेकिन इसमें खास बात ये है कि राज्य के अधिकांश निकायों का स्थापना व्यय 65 प्रतिशत से काफी अधिक है। लिहाजा स्थापना व्यय के हिसाब से कम ही निकायों के कर्मियों को इसकी अनुमति मिल सकती है।

### पांच साल की नियमित सेवा जरूरी

शर्तों में यह भी शामिल है कि कम से कम पांच वर्ष की नियमित सेवा अवधि आवश्यक होगी। 45 वर्ष से कम आयु के नियमित कर्मचारी ही पाठ्यक्रम के लिए पात्र होंगे। कर्मचारी व्यक्तिगत स्तर पर पत्राचार पाठ्यक्रम से डिप्लोमा लेने के पात्र नहीं होंगे।

### दो वेतन वृद्धि की पात्रता

एलएसजीडी. पत्राचार के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण भाग लेने की संचालनालय से सक्षम स्वीकृति प्राप्त करने पर ही एलएसजीडी पत्राचार के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण शिक्षण उत्तीर्ण होने पर आगामी दो वेतन वृद्धियों की पात्रता होगी। पत्राचार पाठ्यक्रम प्रशिक्षण करने वाले कर्मचारी को आगामी तीन वर्ष तक अन्य किसी ऐसे ऐसे प्रशिक्षण में नहीं भेजा जायेगा, जिसमें आगामी वेतन वृद्धि का प्रावधान हो। अनुत्तीर्ण होने पर पुनः पाठ्यक्रम में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ राज्य के अन्तर्गत स्थापित संस्थान से ही उत्तीर्ण को ही मान्य किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### अर्पित का प्रयास विद्यालय में चयन

**महासमुंद।** बृजराज शाला के छात्र अर्पित वर्मा का चयन प्रतिष्ठित प्रयास विद्यालय में हुआ है। इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई है। शिक्षकों और सहपाठियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं हैं। प्राचार्य ने अर्पित की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। अर्पित ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि प्रयास में चयन उनके लिए एक बड़ा अवसर है और वह आगे चलकर समाज और देश के लिए कुछ कर दिखाना चाहते हैं।



### राष्ट्रपति मुर्मू से राज्यपाल डेका ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य भेंट की।

### भिलाई में जबर हरेली रैली 20 को, तैयारी जोरों पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के धार्मिक-सांस्कृतिक कैलेंडर का पहला त्योहार हरेली मनाने के लिए छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना अपनी पुरजोर तैयारियों में जुटी हुई है । संगठन इसे बड़े पैमाने पर पिछले एक दशक से लगातार मनाता आ रहा है। छत्तीसगढ़ में किसी भी सामाजिक संस्था के आयोजनों में भिलाई की जबर हरेली रैली को प्रमुख एवं विशालतम माना जाता है। इसी संबंध में सोमवार को कर्मा भवन सुपेला में क्रांति सेना की बड़ी बैठक हुई, जिसमें अन्य पदाधिकारियों के अलावा छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव उपस्थित रहे। उन्होंने छत्तीसगढ़वासियों से आगामी 20 जुलाई को जबर हरेली रैली में सपरिवार पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में शामिल होने के लिए आव्हान किया। आयोजकों ने बताया, रैली आंबेडकर चौक पॉवर हाउस से निकलकर सुपेला, सेंट्रल एवेन्यू होते हुए सभास्थल दशहरा मैदान पहुंचेगी।

### पचपेड़ी नाका का नाम बदलकर 'माता राजिम चौक करने की मांग

**रायपुर।** पचपेड़ी नाका चौक का नामकरण 'माता राजिम' के नाम पर करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय के जोन क्रमांक-10 के जोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही आपत्ति दर्ज भी कराई गई। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पवन साहू ने बताया कि पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ द्वारा पचपेड़ी नाका चौक को माता राजिम चौक के नाम पर करने के लिए मांग की गई थी, लेकिन उस पर नगर निगम से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली थी। अब नगर निगम कार्यालय जोन-10 द्वारा समाचार पत्रों में दावा-आपत्ति के लिए आमंत्रण का प्रकाशन कराया गया है। जिसमें ट्रस्ट द्वारा पचपेड़ी नाका चौक का नाम बाबा गोदड़ीवाला चौक के नाम पर किए जाने के लिए मांग की गई है। इसी को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ की टीम ने जोन कमिश्नर के समक्ष अपनी दावा-आपत्ति प्रस्तुत की है।

### ऑनलाइन जुआ स्कैम तुरंत खत्म करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल पूर्व सदस्य, अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों से ऑनलाइन सोशल मीडिया और गेमिंग एप के जरिए हो रहे जुआ स्कैम को तुरंत खत्म करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन एप्स के माध्यम से लाखों लोगों के पैसे हड़पने के लिए धोखाधड़ी की जा रही है, जिसमें बड़े-बड़े क्रिकेटर और सेलिब्रिटी भी शामिल हैं। श्री ठाकुर ने कहा, मोदी सरकार की लापरवाही से यह चिंताजनक समस्या देश में लगातार बढ़ रही है। रोजाना लाखों लोग ऐसी योजनाओं के शिकार हो रहे हैं।

# विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक दृष्टिकोण सफलता की कुंजी

## अभावित संगठन के स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों के लिए कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महासमुंद द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं अभाविप संगठन के स्थापना दिवस पर नगर में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के अनेक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर आगामी कैरियर की दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले की उपपुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय रही। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक दृष्टिकोण सफलता की कुंजी है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण के महत्व को विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल शैक्षणिक संगठन नहीं, बल्कि यह एक ऐसी संस्था है, जो राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करती है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री महेश साकेत ने परिषद की इतिहास के विषय में बताया एवं संगठन की कार्य कार्यपद्धति, संगठनात्मक संरचना और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में परिषद की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महासमुंद के नगर मंत्री ने आभार करते हुए कहा कि परिषद सदैव छात्रों के हित में इस प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी, जिससे विद्यार्थियों को दिशा एवं प्रोत्साहन मिलता रहे। कार्यक्रम में महासमुंद विभाग के विभाग संगठन मंत्री शिवशंकर प्रजापति, महासमुंद विभाग संयोजक भीसेक पाण्डेय, जिला संयोजक ललित कुमार साहू एवं नगर के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता, नगर के प्रबुद्धजन, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

# दुलारपाली में हुआ वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

## स्काउट-गाइड के छात्रों ने किया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली (ग्रामीण)

भारत स्काउट एंड गाइड महासमुंद के निर्देशानुसार स्काउट प्रभारी शिक्षक टेकलाल पटेल के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में वृहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्काउट्स और गाइड्स द्वारा उपस्थित अतिथियों व शिक्षकों का स्वागत स्काउट परम्परा के अनुसार बैच व स्कार्फ लगाकर किया गया। तत्पश्चात अपने हाथों में अशोक कदंब और करंज के पौधे लेकर एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ प्रकृति मां के नाम, एक पेड़ धरती मां के नाम जैसे नारा लगाते हुए विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। और इन पौधों का संरक्षण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरती, अप्पी, चांद चौहान, राजेश्वरी सिदार, पूजा साहू यामिनी, कामिनी, पूजा निषाद, सुमित्रा सिदार, सुमित साहू सोमनाथ पटेल, हर्ष साहू, अरमान साहू, मयंक पटेल, अरुण साहू, हिमांशु दास, गोपाल साहू, टिकेश्वर सिदार, धर्मेश साहू, भूपेंद्र साहू स्काउटर कृष्णकुमार नायक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# हाईवे में भी जलभराव निगम ने एनएचआई को लिखा पत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी के प्रमुख मार्ग और रिहाइशी इलाकों में जलभराव आम बात है, पर अब एनएचआई के हाईवे में जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। इसकी शिकायत लोगों ने निगम के जोन 8 दफ्तर में कराई। शिकायत के बाद जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने मंगलवार को वीर सावरकर नगर वार्ड के श्रीराम धर्मकांटा के सामने हाईवे मार्ग में जलभराव स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य नाले पर बनाये गये पाटों को तोड़कर नाले की सफाई करवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त के निर्देश पर उन्होंने एनएचआई के संबंधित प्रभारी अधिकारी को पत्र लिखकर जलभराव की शिकायत दूर करने कार्यवाही करने कहा है।

जोन 8 के वीर सावरकर नगर वार्ड स्थित श्रीराम धर्मकांटा के पास अकसर जलभराव की समस्या रहने से आसपास के रहवासी परेशान हैं। मुख्य नाले पर पाटा बनाने से नाले की सफाई प्रभावित होने से यह स्थिति बनी है। जन शिकायत के बाद जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया। चंदनीडीह मार्ग में धर्मकांटा के सामने पानी के जमाव की समस्या दूर कराने नाले पर बने पाटों को तोड़वाने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

## टर्मिनल के फेर में फंसी नई ट्रेन, अब स्वीकृति का इंतजार

# घोषणा के महीनेभर बाद अधर में जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



जबलपुर से रायपुर के बीच इंटरसिटी ट्रेन की घोषणा को एक महीना बीतने को है, लेकिन अब तक इसके संचालन को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका है। रेलवे द्वारा ट्रेन की मंजूरी मिलने के बावजूद संचालन की तारीख तय नहीं की जा सकी है, जिससे यात्रियों में असंतोष और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। रेलवे ने यह ट्रेन नैनपुर-गोंदिया मार्ग होते हुए चलाने की योजना बनाई थी, जिसका टर्मिनल मदन महल स्टेशन प्रस्तावित किया गया है, लेकिन यहां पुनर्विकास कार्य अभी जारी हैं और स्टेशन टर्मिनल संचालन के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाओं से लैस नहीं है। ऐसे में ट्रेन को जबलपुर मुख्य स्टेशन से चलाने का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन रेलवे बोर्ड से इसकी स्वीकृति अब तक नहीं मिली है।

**संशोधित समय-सारणी को मंजूरी नहीं मिलने से देर:** जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी ट्रेन की मांग वर्षों से की जा रही थी। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के हजारों यात्रियों की उम्मीदों को लेकर घोषित की गई इस ट्रेन को लेकर सबसे अधिक उत्साह था, लेकिन अब यही ट्रेन अनिश्चितता में उलझी हुई है। रेलवे बोर्ड से प्रस्तावित टर्मिनल परिवर्तन और संशोधित समय-सारणी को मंजूरी नहीं मिलने के कारण ट्रेन के संचालन में लगातार देरी हो रही है। इस देरी ने यात्रियों के धैर्य की परीक्षा लेनी शुरू कर दी है।

एक ट्रेन उसमें भी नहीं मिलती जगह जबलपुर से रायपुर के बीच इस समय सिर्फ एकमात्र अमरकंटक एक्सप्रेस ही संचालित हो रही है। लेकिन इस ट्रेन में कन्फर्म टिकट मिलना यात्रियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। भीड़ और सीमित सीटों के कारण लोगों को अक्सर लंबी प्रतीक्षा सूची का सामना करना पड़ता है।अमरकंटक एक्सप्रेस अपेक्षाकृत लंबा मार्ग तय करती है, जिससे समय भी अधिक लगता है और किराया भी ज्यादा आता है। इसके मुकाबले नैनपुर-गोंदिया मार्ग से रायपुर की दूरी काफी कम है, जिससे नई इंटरसिटी ट्रेन के शुरू होने पर किराया घटेगा और समय की बचत भी होगी।रेलवे द्वारा प्रस्तावित इंटरसिटी ट्रेन से बालाघाट, गोंदिया, डोंगरगढ़ और राजनांदगांव जैसे महत्वपूर्ण शहरों का जबलपुर से नियमित और तेज रेल संपर्क स्थापित हो जाएगा। इन क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र, व्यवसायी और आम यात्री रोजाना जबलपुर आते-जाते हैं, जिनके लिए यह ट्रेन बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक कोच की उपलब्धता भी अटकी हुई है।

# ब्रेकर में दोपहिया से उछलकर गिरी महिला को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के देवपुरी में हुई

हाईवे में गैर जरूरी ब्रेकर की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय रहवासी गाड़ियों की स्पीड कम करने अपने स्तर पर ब्रेकर बना देते हैं। ऐसे ही गैर जरूरी ब्रेकर में एक्टिवा सवार एक महिला उछलकर गिर गई और ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के देवपुरी में मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे की है। पुलिस के मुताबिक कुरुद निवासी हीरा बाई साहू अपने भतीजे के साथ किसी काम से रायपुर आई थी। घटना दिनांक को वह अपने भतीजे के साथ वापस कुरुद जा रही थी। एक्टिवा महिला का भतीजा चला रहा था और वह पीछे बैठी हुई थी। देवपुरी में सतनाम चौक के पास एक्टिवा चला रहा महिला का भतीजा ब्रेकर को देख नहीं पाया। अचानक सामने ब्रेकर देखने के बाद महिला के भतीजे ने एक्टिवा का ब्रेक लगाया। अचानक ब्रेक लगाने से महिला एक्टिवा से उछलकर गिर गई। इस दौरान महिला पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई और महिला की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

### गुरु पूर्णिमा पर विशेष पूजा आज से

**रायपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम के श्रीरामकृष्ण मंदिर में 10 जुलाई को विशेष पूजा की जाएगी। साथ ही स्तोत्र, भजन, हवन, भोग तथा प्रवचन आदि होंगे। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि गुरुभक्त और लोग भारी संख्या में लोग शामिल होंगे।

## भड़के छात्र, निजी विवि के खिलाफ कार्रवाई की मांग, श्रीफल के साथ सौंपा ज्ञापन

# पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता नहीं, फिर भी दे रहे प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने के साथ ही विविध पाठ्यक्रमों की मान्यता को लेकर फिर से सवाल उठना शुरू हो गए हैं। इन सबके बीच मंगलवार को श्री रावतपुरा सरकार विवि के खिलाफ छात्र मोर्चा खोलकर बैठ गए। छात्रों का आरोप है कि उक्त संस्थान को मेडिकल संबंधित पाठ्यक्रम संचालित करने पैरामेडिकल काउंसिल से अनुमति प्राप्त नहीं है। इसके बाद भी इनके द्वारा पैरामेडिकल कोर्स के अंतर्गत आने वाले कई पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। ऐसे विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों पर कार्रवाई की मांग लेकर छात्र छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल पहुंचे।

एनएसयूआई की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पैरामेडिकल छात्र भी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल कार्यालय में छात्रों की संख्या को देखते हुए पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। हालांकि हिंसक झड़प या बलप्रयोग की स्थिति निर्मित नहीं हुई। छात्रों ने पैरामेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार को नारियल के साथ ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### छात्रों का नहीं हो सका पंजीयन

बीएमएलटी, डीएमएलटी, डायलिसिस, ऑप्टेमेटरी कोर्स जैसे कई पैरामेडिकल पाठ्यक्रम इस सूची में शामिल हैं, जो बिना मान्यता संचालित किए जा रहे हैं। ग्रामीण अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने बताया, श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में विगत चार वर्षों से इन पाठ्यक्रमों का संचालन अवैध तरीके से बिना मान्यता किया जा रहा है। पिछले पांच सालों में 2019 से 2025 तक लगभग एक हजार छात्रों ने पढ़ाई की है। पढ़ाई पूर्ण होने के बाद आज भी छात्र-छात्राएं अपने रजिस्ट्रेशन के लिए दरबदर भटक रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा यह कहा जाता है कि छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से हमे एनओसी प्राप्त है, जबकि छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से उन्हें बीएमएलटी, डीएमएलटी, डायलिसिस, ऑप्टेमेटरी कोर्स के संचालन के लिए किसी भी प्रकार की कोई भी मान्यता प्राप्त नहीं है। इस दौरान शिवांक सिंह, प्रशांत चंद्राकर, संयम सिंह, वैभव मुजेवार, आशीष तिवारी, दिव्यांश श्रीवास्तव, रजत ठाकुर, जुबैर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक ने पंचायत सचिवों का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

राष्ट्रीय सचिव दिवस पर 7 जुलाई सोमवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पंचायत सचिवों को श्रीफल, साड़ी, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही सचिवों द्वारा विधायक सिन्हा को गुलदस्ता भेंट की गई। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम पंचायत सचिव करते हैं। इस दौरान सचिव चंद्रमणि चन्द्राकर, शिव कोसरे, बेनीराम चन्द्राकर, नारायण साहू, राजकुमार ध्रुव, गावस्कर मनिकपुरी, शिव पटेल, रमाकांत गोस्वामी, सुनिल प्रधान, परमानंद साहू, भूषण साहू, भूषण साहू, रोहित टंडन, ललित, शंकर साहू, जीवन कोसरे, राकेश साहू, मोतीलाल मेहरा, डुगेश्वर साहू, थानसिंग साहू, बलिराम साहू, आत्माराम साहू, डिगेश चक्रधारी, रामकुमार नायक, बलराम साहू, चिंतामणी साहू, बंशी पटेल, देवा पटेल, ओंकार दीवान, यशवंत भास्कर, किशोर ध्रुव, भेखराम बरीहा, राकेश जांगड़े, ओमप्रकाश साहू, डेविड मन्नाडे, प्रवीण बंजारे, हरिदास मनिकपुरी, माधुरी सुर्यवंशी, उमा धुव, नेहा उपाध्याय, कविता दीवान, दशोदा पटेल, माधुरी सिंह, रिमन ध्रुव, ज्योति भास्कर, वर्षा बघेल, कमलेश्वरी साहू, प्रेमलता सूर्यवंशी, शबीना खान सहित बड़ी संख्या में सचिवगण उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप



### सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता हुई

**महासमुंद।** 8 जुलाई को विकासखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा महासमुंद में हुआ। उक्त प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा और सेजेस नयापारा की टीमों ने भाग लिया। उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर टीमों का चयन किया गया, जो कि आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता बालक वर्ग में पिथौरा और बालिका वर्ग में महासमुंद में आयोजित है, भाग लेंगे। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य प्रमोद कुमार कन्नौज ने सभी खिलाड़ियों को आगे स्तर पर खेलने और अपनी संस्था और जिला का नाम रोशन करने के लिए प्रेरक संदेश दिए। प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए सुनील कुमार भोई, हिरेंद्र कुमार साहू, तृषा शर्मा, इमरान अली, इंद्राणी भास्कर, कामता प्रसाद साहू, अंजनी साहू, रामेश्वरी दीवान आदि व्यायाम शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

### संचालक संचालक ने किया देवरी स्कूल का निरीक्षण

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय रायपुर से सहायक संचालक अजीत सिंह जाट का आकस्मिक आगमन हुआ। साथ में सहायक ग्रेड 02 ऋषि कुमार साहू, द्रोणाचार्य साहू, सहायक ग्रेड 03 चंदन निषाद शामिल हुए और विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय के समस्त संसाधन का बारीकी से अवलोकन किया। विद्यालय भवन, प्रसाधन बालक और बालिका, समस्त रजिस्टर, पंजी इत्यादि का जांच किया गया और कक्षा बारहवीं में भूगोल का अध्यापन करवाया। युक्तियुक्तकरण के तहत पदस्थ हुए व्याख्याता परस राम सिन्हा और बीएल टंडन के कार्य शैली में प्रसन्नता जाहिर किया। नवपदस्थ विज्ञान प्रयोग शाला शिक्षिका मौसमी चंद्राकर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संभागीय संयुक्त संचालक का स्वागत विद्यालय के तरफ से प्राचार्य डोमन सिंह टंडन द्वारा गुलदस्ता भेंट कर किया गया और पूरे विद्यालय का निरीक्षण करवाने में सहयोग किया।

# युक्तियुक्तकरण नीति से शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम

## मरार कसहीबाहरा हाईस्कूल में मिला शिक्षक नियुक्ति का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन द्वारा लागू युक्तियुक्तकरण नीति से महासमुंद जिले के शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। इस नीति का प्रभाव शासकीय हाईस्कूल मरार कसही बाहरा में विशेष रूप से देखने को मिला है, जहां शिक्षकों की नई व्यवस्थापन में सुधार के साथ शिक्षा की नई रोशनी पहुंची है। शिक्षक भानू चंद्राकर ने बताया कि पूर्व में इस विद्यालय में मिडिल और हाईस्कूल के लिए केवल चार शिक्षक पदस्थ थे, जो दोनों स्तरों पर शिक्षण का कार्य संभालते थे। हाई स्कूल में कोई भी विषय-विशेषज्ञ शिक्षक पदस्थ नहीं था, जिससे विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।





शासन की युक्तियुक्तकरण योजना के अंतर्गत अब हाई स्कूल स्तर पर हिंदी एवं अंग्रेज़ी विषयों के व्याख्याताओं की पदस्थापना की गई है। इससे विद्यार्थियों को अब विषयों की गहरी समझ मिल रही है और कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता में बेहतर सुधार परिलक्षित हो रहा है। हाई स्कूल में वर्तमान में 39 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जो अब नियमित रूप से स्कूल आ रहे हैं। शिक्षकों की उपलब्धता से विद्यार्थियों और अभिभावकों में भी संतोष का माहौल है।

इस सकारात्मक परिवर्तन से बच्चों के साथ उनके पालक भी निश्चिंत है। युक्तियुक्तकरण नीतियां यदि सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वित की जाएं, तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। शिक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षकों की पुनः पदस्थापना, संसाधनों का समुचित वितरण और विद्यालयों की निगरानी जैसे उपाय भी इस नीति को मजबूती दे रहे हैं। महासमुंद जिले में युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत अन्य विद्यालयों में भी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। यह नीति न केवल शिक्षक उपलब्धता को संतुलित कर रही है, बल्कि शैक्षणिक परिणामों को भी प्रभावित करेगा।

## सुविधा : जिले के किसानों को किया जा रहा है वितरण

# जिले की सहकारी समितियों में 9669 टन खाद उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के किसानों को खरीफ मौसम की तैयारी में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में बीज का भंडारण किया गया है। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने जानकारी दी कि जिले की सभी कृषक सहकारी समितियों से किसान खाद एवं बीज प्राप्त कर सकते हैं।

1 अप्रैल से 08 जुलाई की स्थिति में जिले के सहकारी समितियों में कुल 35798 टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 26,130 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। खाद की उपलब्धता में सहकारी समितियों में यूरिया 17 हजार 04, सुपर फॉस्फेट 08 हजार 615, पोटाश 02 हजार 815, डीएपी 04 हजार 410, एन.पी.के 02 हजार 955 टन भंडारित किया गया है। वर्तमान में 09 हजार 669 टन खाद विक्रय हेतु शेष है। जिसमें यूरिया 03 हजार 192, सुपर फॉस्फेट 03 हजार 109, पोटाश एक हजार 83, डी.ए.पी. एक हजार 204 एवं एक हजार 80 टन एन.पी.के खाद का समितियों द्वारा किसानों को विक्रय किया जा रहा है। सहकारी समिति बरोंडाबाजार के सोसायटी प्रबंधक प्रदीप साहू ने बताया कि यहां आज की स्थिति में यूरिया 5 टन, सुपर फॉस्फेट 25, डीएपी 5 टन, पोटाश 8 एवं एनपीके 20 टन खाद उपलब्ध है, जिसका वितरण किसानों को किया जा रहा है।



इसी तरह सहकारी समितियों में कुल 30,623 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है, जिसमें से 24,156 क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है। धान बीज की उपलब्धता में सहकारी समितियों में 1010 धान बीज 1189 क्विंटल, स्वर्णा सब1 4928 क्विंटल, 1001 धान बीज 1202 क्विंटल, स्वर्णा, 21380 क्विंटल, आई आर 64 बीज 99 क्विंटल, 1156 धान बीज 108 क्विंटल, महामाया 209 क्विंटल, सीजी धान 1919 बीज 159 क्विंटल, एमटीयू1318 धान बीज 779 क्विंटल, विक्रम टीसीआर 248 क्विंटल एवं छग देवभोग 323 क्विंटल भंडारित किया गया है। वर्तमान में 6 हजार 467 क्विंटल धान बीज विक्रय के लिए शेष है। जिसका किसानों द्वारा नियमित उठाव किया जा रहा है।

# नगरीय निकाय कर्मचारी काली पट्टी लगा कर रहे हैं विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अपनी मांगों की ओर ध्यानाकर्षित कराने के लिए जिले के सभी 6 नगरीय निकाय तुमगांव, बसना, पिथौरा, सरायपाली, बागबाहरा और महासमुंद में कार्यरत कर्मचारी काली पट्टी लगाकर अपने दैनिक कार्यों का सुचारू रूप से क्रियान्वयन कर रहे हैं। साथ ही संध्या 5:30 बजे कार्यालय के मुख्य द्वार पर गेट मीटिंग करते हुए शासन के दमनकारी नीतियों के विरुद्ध करते हुए कुंभकर्णी नींद से जागने के लिए शासन विरुद्ध नारे भी लगाए।

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरी निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी और जिलाअध्यक्ष खिलेश कुमार साहू ने कहा है कि 5 जुलाई को पूरे प्रदेशभर के कर्मचारी अपनी तीन प्रमुख महत्वपूर्ण मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने के लिए इकट्ठा हुए थे। इससे डरे शासन ने अपनी नाकामयाबी को छुपाते हुए आंदोलनकारी को बसों में जबरन ठुस कर शहर से दूर अन्यत्र बेजान स्थान पर ले जाया गया। ताकि, आंदोलन बाधित हो। जहां कर्मचारी पीने की पानी के लिए तरसते रहे। इस संवेदनशील घटना से पूरे प्रदेशभर के कर्मचारियों में काफी रोष है। अपने तीन सूत्रीय महत्वपूर्ण मांग महीने के पहले तारीख को वेतन भुगतान, नगरी निकाय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने और वर्षो से एक ही पद में कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। अध्यक्ष साहू ने आगे बताया कि प्रदेश कोर कमेटी में लिए गए निर्णय के अनुसार पूरे प्रदेशभर के नगरी निकाय कर्मचारी एक सप्ताह कार्य दिवस सोमवार से शुक्रवार तक काली पट्टी लगाकर अपने कार्यालयीन कार्यों को करेंगे। और प्रतिदिन छुट्टी के समय मुख्य द्वार के बाहर एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर शासन का ध्यानाकर्षण कराते हुए नारा लगाएंगे। संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा लगातार मुख्यमंत्री से मिलने के लिए समय मांगा जा रहा है। परंतु, यह विष्णु के शासन में कैसा कुशासन है कि उनके पास अपने राज्य के शहरी




सरकार के प्रमुख अंगों से मिलने तक का भी समय नहीं है। पूरे प्रदेश के कर्मचारी शांतिपूर्ण और अहिंसात्मक तरीकों से अपनी आवाज बुलंद करेंगे और शासन को कुंभकर्णी नींद से जागने का प्रयास करेंगे और जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

## संचालक संचालक ने किया देवरी स्कूल का निरीक्षण

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय रायपुर से सहायक संचालक अजीत सिंह जाट का आकस्मिक आगमन हुआ। साथ में सहायक ग्रेड 02 ऋषि कुमार साहू, द्रोणाचार्य साहू, सहायक ग्रेड 03 चन्दन निषाद शामिल हुए और विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय के समस्त संसाधन का बारीकी से अवलोकन किया। विद्यालय भवन, प्रसाधन बालक और बालिका, समस्त रजिस्टर, पंजी इत्यादि का जांच किया गया और कक्षा बारहवीं में भूगोल का अध्यापन करवाया। युक्तियुक्तकरण के तहत पदस्थ हुए व्याख्याता परस राम सिन्हा और बीएल टंडन के कार्य शैली में प्रसन्नता जाहिर किया। नवपदस्थ विज्ञान प्रयोग शाला शिक्षिका मौसमी चंद्राकर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संभागीय संयुक्त संचालक का स्वागत विद्यालय के तरफ से प्राचार्य डोमन सिंह टंडन द्वारा गुलदस्ता भेंट कर किया गया और पूरे विद्यालय का निरीक्षण करवाने में सहयोग किया। संयुक्त संचालक ने समस्त स्टॉफ को समय पर शाला संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि अपने कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी से करें और छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल बनाने की कोशिश करें। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्यातागण नेश लाल धृतलहरे, नीलू सोनी, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, उदय श्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, लीलाधर वर्मा, पुष्कर भारती, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव और समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### खरोरा में अखंड दुर्गा चालीसा पाठ आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में गुरु पूर्णिमा पर्व पर 10 जुलाई गुरुवार को भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में पांच घंटे अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ रखा गया है। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक यह आयोजन होगा। संगठन के प्रमुख रंजीत चंद्राकर ने बताया कि चालीस पाठ के माध्यम से समाज को नई दिशा दे रहे हैं। नशामुक्त, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए सदमार्ग पर समाज को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से दुर्गा चालीसा पाठ में अवश्य शामिल होने की अपील की है।

### केंद्र सरकार 4 लेबर कोड रद्द करे सरकार: राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने केंद्र के 4 लेबर कोड के विरोध में देश के समस्त ट्रेड यूनियनों की हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा है कि भाजपा की केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान जब देश की जनता जिन्दगी और मौत की लड़ाई लड़ रही थी, मजदूरों के 44 श्रम कानूनों में से 29 प्रभावशाली कानूनों को खत्म कर चार नए लेबर कोड (श्रम संहिता) बनाए। इन 4 नये कोड लागू होने पर मजदूरों ने अपने संघर्षों और बलिदानों से जो श्रम कानून हासिल किये थे, भाजपा सरकार ने उसे खत्म कर दिया।

### शुक्ला के सुझावों को मिला स्थान



**महासमुंद।** बढ़ती बाल श्रम की समस्या को लेकर बाल अधिकारों और संरक्षण के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश शुक्ला द्वारा दिए गए सुझाव को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) भारत सरकार द्वारा गंभीरता से लिया गया है। शुक्ला के इस सुझाव को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति मिलने से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े बालक के जीवन में बदलाव आएगा।

## निधन

### जसराज लोढ़ा



**महासमुंद।** शहर के स्टेशन रोड निवासी व महासमुंद वर्धमान स्थानकवासी जैन श्री संघ के पूर्व अध्यक्ष, नगर के प्रसिद्ध बर्तन व्यवसायी जसराज लोढ़ा (73) का आज सुबह निधन हो गया। वे अलसीचंद, गौतमचंद, स्व. पारस लोढ़ा के बड़े भाई एवं दिनेश, हेमंत के पिता थे।

## कड़े फैसले : टैक्स वसूली में तेजी लाने नपाध्यक्ष ने ली राजस्व कर्मियों की बैठक

# वार्ड के प्रभारी मोहर्रिर ही काट पाएंगे रसीद, अन्य वार्ड में हस्तक्षेप पर पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अब कोई भी मोहर्रिर अपने प्रभार वार्ड के अलावा किसी अन्य वार्ड से संबंधित टैक्स रसीद नहीं काट सकेंगे। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सभी वार्ड प्रभारी मोहर्रिरों को सख्त निर्देश दिए हैं। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि संबंधित वार्ड के अलावा प्रभारी मोहर्रिरों द्वारा अन्य वार्डों के टैक्स रसीद काटने से दस्तावेजों के अव्यवस्थित होने की संभावनाएं रहती है, इसलिए अपने प्रभार क्षेत्र के वार्ड का ही मोहर्रिर टैक्स रसीद काट सकेंगे।

उक्त निर्णय नगर पालिका अध्यक्ष ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान ली। बैठक में टैक्स वसूली को लेकर कड़े फैसले लिए गए। राजस्व विभाग के प्रभारी व मोहर्रिरों को पालिका अध्यक्ष ने सख्त



निर्देश देते हुए टैक्स वसूली में तेजी लाने नियमानुसार कार्रवाई करने कहा। उन्होंने कहा कि बड़े बकाएदारों के घर जाकर उन्हें नोटिस दें तथा टैक्स भुगतान के लिए अपील करें। यदि इस माह के अंत तक बड़े बकायेदार भुगतान नहीं करते तो मूलभूत सुविधाएं बंद करने की कार्रवाई भी करें। पालिकाध्यक्ष साहू ने मोहर्रिरों से कहा कि संपत्ति कर, समेकित कर, बाजार साइड सहित जलकर वसूली में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन वार्ड मोहर्रिर वार्डों में जाकर टैक्स वसूली करें, जितने भी बड़े बकायादार है उन्हें नोटिस जारी कर उनसे टैक्स जल्द से जल्द वसूली करें, जिन दुकानों और मकानों का नाप जोख नहीं हुआ है उनका नाप जोख कर टैक्स जमा करें, राजस्व बढ़ोतरी के लिए जो भी उचित कार्रवाई करनी पड़े वह नियम अनुसार करें। बैठक में राजस्व व्यवस्था सुधारने के लिये कई बिंदुओं पर निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से विभाग प्रभारी दिलीप चंद्राकर, लिपिक गुमान सिंह ध्रुव व सभी वार्ड के प्रभारी मोहर्रिर उपस्थित थे।

## गायत्री शक्ति पीठ में अनेक कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा गुरु पूर्णिमा अवसर पर विभिन्न शक्तिपीठों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसके तहत गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में 10 जुलाई को प्रातः 6 से 8 बजे अखंड जप एवं 9 बजे से 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, 9:30 बजे से बच्चों का विद्या आरंभ एवं दीक्षा संस्कार होगा। साथ ही हमारे जीवन पर गुरु का महत्व विषय पर विकासखंड स्तरीय निबंध प्रतियोगिता होगी। दोपहर 12 बजे देव पूजन के साथ 40 दिवसीय अनुष्ठान के लिए संकल्प कराया जाएगा तथा 1 बजे जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के आतिथ्य में निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण होगा। तत्पश्चात शांति पाठ के साथ भोजन प्रसाद का वितरण किया जाएगा। विभिन्न संस्कार कराने के इच्छुक व्यक्ति गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद से संपर्क कर सकते हैं। सभी संस्कार निशुल्क कराए जाएंगे।

## खट्टाडीह में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

शासकीय प्राथमिक शाला खट्टाडीह में नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत एवं नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत करीडीह के सरपंच रामेश्वर साहू और उपसरपंच कुमार चक्रधारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला की प्रधान पाठिका श्रद्धा महानंद ने की। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक अमित कुमार



उइके, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष दिनेश्वरी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उषा सिन्हा की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कांति चक्रधारी, लता साहू, ललित ठाकुर, केसर चक्रधारी, सुरेश साहू, गोविंद चक्रधारी, बाबूलाल साहू, सोनी साहू, सुकवारो साहू, एवन चक्रधारी, सुखबती सिन्हा, किशनलाल चक्रधारी, यशवंत साहू आदि मौजूद रहे।

## दाबपाली स्कूल परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली के परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृहद पौधरोपण किया गया। जिसमें लगभग 51 पौधे में छाया व फलदार काजू, शीशम, जामुन, नीम, बरगद, पीपल जैसे विभिन्न प्रजातियों के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर कबीरधाम जिले में पदस्थ रामानंद दीवान उपनिरीक्षक आबकारी विभाग विशेष रूप से अपने जन्म दिवस मनाने गांव आए थे। उनके मार्गदर्शन में वृहद पौधरोपण का कार्य हुआ। शाला परिसर में अपने माता-पिता के नाम



पौधरोपण टी गार्ड के साथ किया। अपने जन्म दिवस पर विद्यालय में बच्चों को नेवता भोज कराया। दीवान ने लगातार 35 वर्ष से पौधरोपण करते आ रहे और पूर्व में भिलाई नगर में पर्यावरण संरक्षण संस्था से जुड़े हुए हैं। उन्होंने ग्राम के सभी लोगों से बारिश के दिनों में एक एक पेड़ लगाने की अपील एवं बच्चों को उच्च स्तर की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम में सरपंच गेस पटेल, पंच एवं उनके क्लासमेट हेमसिह परमार, डेमन दीवान, संजय सेन, टेसकुमार दीवान, शंकर लाल दीवान, प्रधान पाठक गुरु दत्त पटेल, संकुल समन्वयक खुसरुपाली अमित मार्टिन, शिक्षक रंजीत कौर छाबड़ा, शिक्षिका सौरभ मेहरकुरे, शिक्षक भुनेश्वर नायक शिक्षक सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ललित पटेल ने किया।

## गुरु पूर्णिमा पर योगभवन में कई कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई गुरुवार को स्वामी शिवानंद योगभवन में सुबह 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक अनेक कार्यक्रम होंगे। प्रातः 6 बजे सर्वदेव वंदना, प्रार्थना, गुरुस्त्रोत्तम, शांति मंत्र, प्रातः स्मरण, स्वामी शिवानंद सरस्वती का संदेश, प्रातः630 बजे ध्यान, योगासन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, योग निंद्रा, प्रातः 9 बजे पादुका पूजन, प्रातः 10 बजे विष्णुसहस्त्रनाम स्त्रोत्तम, प्रातः 11 बजे स्वामी शिवानंद का पुस्तक वाचन, दोपहर 12 से 4 बजे व्यक्तिगत ध्यान आदि। शाम 4 बजे मंत्रलेखन एवं मंत्र जप शाम 5 बजे संकीर्तन, शाम 6 बजे से भजन कीर्तन होगा। तत्पश्चात शांति पाठ आरती होगी। यह जानकारी दिव्य जीवन संघ महासमुंद के प्रमुख दौलत चंद्राकर ने दी।

## भाजपा सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा नहीं : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के

**बच्चों को अब तक नहीं मिली पुस्तकें, स्कूल भवनों का मरम्मत भी नहीं करा पाई सरकार**

**युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों का भयादोहन कर चलाया जा रहा तबादला उद्योग**

पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा नहीं है। शिक्षक, शिक्षार्थी व स्कूलों की हालत बदहाल है। शिक्षा सत्र शुरू हुए लगभग एक माह बीतने को है, लेकिन सरकार ने अब तक स्कूलों में छात्रों के लिए किताबों की व्यवस्था तक नहीं की है। इसके अलावा अनेक स्कूल भवन जर्जर हैं, और इन जर्जर भवनों में पढ़ाई करने बच्चे विवश हैं। नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही जर्जर स्कूलों की मरम्मत, शिक्षकों की व्यवस्था, पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता सरकार की प्राथमिकता होती है, लेकिन भाजपा की साय सरकार केवल शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देने, शासकीय स्कूलों को बंद करने की षड़यंत्र के तहत काम कर रही है।



पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों तक शिक्षा के विस्तार के लिए किताबों के साथ कापियां भी वितरित की। भूपेश सरकार के इस योजना का लाभ सरकारी ही नहीं निजी स्कूलों के बच्चों को भी मिला था। स्कूलों में पुस्तकों के साथ कापियां मिलने से बच्चों के माता पिता के सिर से कॉपियां खरीदने की एक अतिरिक्त बोझ भूपेश सरकार ने खत्म कर दिया था। लेकिन, वर्तमान सरकार बच्चों को पाठ्य पुस्तक ही वितरण नहीं कर पा रही है। चंद्राकर ने कहा कि विकसित भारत के दावे करने वालों की सरकार में पहले नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के पदों की न्यूनतम संख्या में कटौती करने अव्यवहारिक युक्तियुक्तकरण थोपा गया और अब तक छात्रों के लिये किताबों की व्यवस्था तक नहीं की गई। भाजपा सरकार नहीं चाहती है कि सरकारी स्कूलों में छत्तीसगढ़ के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को निः शुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो। स्कूल खुले लगभग 1 माह बीतने को है, लेकिन अब तक पाठ्य पुस्तक स्कैन करने का काम ही नहीं हो पाया है, शिक्षक-शिक्षिकाएं पठन-पाठन का काम छोड़कर स्कैन करने में पोर्टल में आ रही दिक्कतों से जूझ रहे हैं।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि शिक्षा प्रणाली को बदहाल करने में सत्ता के संरक्षण में शिक्षा विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों का भी बड़ा योगदान है। इनके द्वारा प्रदेश में अघोषित तौर पर तबादला उद्योग चलाया जा रहा है। इसका स्पष्ट उदाहरण बागबाहरा ब्लाक के ग्राम अनवरपुर प्राथमिक शाला है। जहाँ युक्तियुक्तकरण के तहत इस स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक का 24 घंटे के भीतर ही स्थानांतरण कर दिया गया। नए सेटअप और युक्तिकरण के नाम पर यह सरकार शिक्षकों का भयादोहन कर रही है। जहां पहले से ही शिक्षक कम है वहां से भी शिक्षकों को दबावपूर्वक हटाया जा रहा है।



## अलुमनी आशना ने दान की किताबें

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की अलुमनी आशना जोसेफ द्वारा एमए प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर इतिहास की अंग्रेजी माध्यम की दो किताबें दान में दी। यह किताब इतिहास विभाग की लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए विभाग को प्रदान किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे, अमृत चोपड़ा अध्यक्ष अलुमनी एसोसिएशन, राजकुमार राठौर उपाध्यक्ष मनीष शर्मा सहसचिव, दुर्गावती भारतीय सचिव, अजय कुमार राजा कोषाध्यक्ष, समस्त प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों, डॉ रीता पांडेय संयोजक, डॉ मालती तिवारी सहसंयोजक, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों ने इस कार्य की सराहना की है।









### चोपड़ा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आज

**महासमुंद।** पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा के जन्मदिन पर आज जिला भाजपा कार्यालय में सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आज 10 जुलाई को जिला भाजपा कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजित है। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न सामाजिक सेवा संगठनों और नागरिकों द्वारा जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया जाएगा। कार्यालय में पूर्व विधायक का जन्मदिन समारोह का भी आयोजित किया गया है। जिसमें क्षेत्र के कार्यकर्ता और नागरिक शामिल होंगे। पदाधिकारियों ने सभी मंडलों एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश, जिला, मण्डल पदाधिकारी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों सहित शक्तिकेन्द्र और बूथ समिति के सदस्यों और आम नागरिकों को रक्तदान शिविर और जन्मदिन समारोह में उपस्थित होने की अपील की है।

## अभाविप का स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में सखी सहेली स्वसहायता समूह के महिलाओं द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें प्राची चंद्राकर ने



बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश की युवा छात्र शक्ति का प्रतिनिधि संगठन है। इसकी स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई। तब से अब तक परिषद निरन्तर ऊर्जा संपन्न युवाओं को संगठित करने का कार्य किया है। आज यह विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन हैं। विद्यार्थी परिषद युवा शक्ति के राष्ट्रवादी स्वर का प्रतिनिधि संगठन है। राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए छात्रों में राष्ट्रवादी चिंतन को जगाना ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य है। विद्यार्थी परिषद छात्र-छात्राओं में सकारात्मक देश भक्ति को बढ़ावा देने और राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहते थे। दलगत राजनीति से परे यह संगठन देश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र-समुदाय को राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रहित के लिए विभिन्न मुद्दों पर झकझोरती रही है। विगत वर्षों में छात्र हितों के लिए संघर्ष करने वाले संगठनों के बीच विद्यार्थी परिषद की अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाते हैं।इस दौरान सखी सहेली स्व सहायता समूह के राधिका वैष्णव, दुर्गा, निर्मला, कलिंद्री, गुंजा, खेमीन, मीना, लछवंतीन, दामिनी, बृजेश्वरी, दिनेश्वरी, हीरा, राखी मौजूद थे।

